एक नजर में

## धूमधाम से मनाया अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिन



**मेघनगर .** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पुर्व विधायक कलसिंह भाबर का 57 वा जन्मदिन मेघनगर मदरानी नोगावा मण्डल के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय साईं चौराहा पर साल श्री फल साफा बांध कर पुष्प माला से भाबर का स्वागत कर मिठाई बांट धूमधाम से अपने नेता का जन्मदिन मनाकर शुभकामनाएं दी। मेघनगर मण्डल अध्यक्ष रुपसिंह भूरिया, मदरानी मण्डल अध्यक्ष सोमेस भूरिया, नोगावा मण्डल अध्यक्ष लालचंद देवल ,भाजपा नेता मुकेश मेहता, कमलेश दाता, राजु डामोर, प्रेमसिंह बसोड किलीया, सरपंच भाविक बारोट अशोक, बसेर दशरथ कट्ठा सेलेस खराड़ी शंकर मेड़ा प्रदिप वसुनीया बालु चरपोटा भारत सिंह नायक फारुक शैरानी केलाश अमलियार बादल भूरिया, सुखराम मेड़ा, संजय श्रीवास राजेश वागरेचा कमजी डामोर ,मोहन प्रजापति सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## स्कूली विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत में लिया भाग



**झाबुआ।** मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार प्रथम कार्य दिवस पर राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत एवं मध्यप्रदेश गान का गायन कार्यालय परिसर में किया गया। कलेक्टर कार्यालय में आज केशव विद्यापीठ स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा वाद्य यंत्र बजाकर राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत एवं मध्यप्रदेश गान का गायन किया गया। गायन के पश्चात कलेक्टर द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं से चर्चा की। कलेक्टर नेहा मीना ने कहा कि हर माह अलग-अलग विद्यालयों के बच्चों के द्वारा माह के पहले दिन राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत एवं मध्यप्रदेश गान में भाग लेने का अवसर दिया जा रहा है। जिससे छात्र-छात्राओं की कलेक्टर कार्यालय में एक्पोजर विजिट भी होगी एवं यहां होने वाले कार्यों को भी समझ सकेंगे। इस दौरान जिपं सीईओं जितेन्द्रसिंह चौहान, अपर कलेक्टर सीएस सोलंकी, सहायक कलेक्टर आशीष कुमार, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अन्य जिला अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## गुंडों पर कसा शिकंजा, आठ माह में 400 से ज्यादा बदमाश जिलाबदर



इंदौर. शहर में अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस लगातार सख्त कदम उठा रही है. पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर अब तक इस साल करीब 400 बदमाशों को जिलाबदर किया जा चुका है. औसतन हर महीने 50 के आसपास बदमाशों पर यह कार्रवाई हो रही है. खास बात यह है कि थाना प्रभारी खुद बदमाश के घर जाकर लाउडस्पीकर से मुनादी कर आदेश सुनाते हैं, ताकि क्षेत्र के लोग भी सतर्क रहें और प्रतिबंधित अवधि में बदमाश दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दे सकें. शनिवार को भी पुलिस ने चार बदमाशों को जिलाबदर किया. इनमें रईस बक निवासी चंदन नगर, नीलेश पिता इंदर सिंह निवासी चंदन नगर, संतोष बारीक निवासी चंदन नगर और अरुण यादव निवासी गांधीनगर शामिल हैं. इन्हें इंदौर और आसपास की जिला सीमा से बाहर रहने के आदेश दिए गए हैं. इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में भी कार्रवाई की जा रही है. कल ही कलेक्टर ने छह बदमाशों को जिलाबदर किया. आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस ने शनिवार रात शहरभर में सघन चेकिंग अभियान चलाया. 1220 गुंडों की जांच की गई, जिनमें से 576 पर कार्रवाई की गई. चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 132 चालकों को पकड़ा गया, सभी की गाड़ियां जब्त कर 10,000 का चालान काटा. वहीं सड़क पर शराब पीते 25 लोगों पर केस दर्ज किया.

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**इंदौर. रावजी बाजार थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी. महिला का शव कमरे में फंदे पर लटका मिला. पति ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, पुलिस को मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है. मामले में पुलिस जांच कर रही है.**



रावजी बाजार थाना प्रभारी ने बताया कि 23 वर्षीय मृतका दीपाली पति अरुण धानक थाना क्षेत्र के जबरन कॉलोनी में अपने पति के साथ किराए से रह रही थी. देर रात दीपाली ने पति से कहा कि वह परदेशीपुरा स्थित अपने मायके जाना चाहती है, इस पर पति अरुण ने कहा कि वह सुबह छोड़ देगा. इसके बाद दीपाली कपड़े जमाने लगी. कुछ देर बाद अरुण सो गया और करीब डेढ़ बजे नींद खुलने पर पत्नी को फंदे पर लटका देखा. अरुण ने तुरंत अन्य किराएदारों को बुलाया और दीपाली को एप्पल अस्पताल पहुंचाया. यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने बताया कि कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है. मामले में पुलिस का कहना है कि दंपती के बीच किसी बात को लेकर तनाव की स्थिति रही होगी. फिलहाल पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और पति व मायके पक्ष के बयान दर्ज किए जा रहे हैं. इसके बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट हो पाएगी.

# भागवत कथा में कलयुग में जीवन जीने का सार : पं . द्विवेदी



**झाबुआ।** शहर के आजाद चौक के समीप श्री गौवर्धननाथ की हवेली में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह कथा सुप्रसिद्ध कथा वाचक शास्त्री पं. विजय द्विवेदी सीतामऊ वाले के मुखारविंद से होगी। प्रथम दिन भागवत पौथी को लेकर मंदिर परिसर में चल समारोह निकाला गया। बाद पौथी को व्यास पीठ पर विराजमान करने के साथ गणेश पूजन हु कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5.30 बजे तक रहेगा। कथा के दौरान भागवतजी के संपूर्ण सार के साथ अलग-अलग प्रसंग भी मनाए जाएंगे। प्रथम दिन कथा वाचक पं. द्विवेदी के झाबुआ आगमन पर भागवत कथा को लेकर ढ़ोल के साथ वैष्णवजनों एवं भक्तजनों ने चल समारोह निकाला। जिसमें आगे लाभार्थी अनिता सुभाष नीमा कथा की पौथी को लेकर चले। इसके पीछे वैष्णवजन महिला-पुरूष एवं युवा शामिल हुए। चल समारोह के मंदिर पहुंचने पर व्यास पीठ पर पौथी को विराजमान किया गया। प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की लाभार्थी श्रीमती नीमा ने विधि-विधान से पूजन की। पूजन पं. विशाल शर्मा ने संपन्न करवाई। वहीं कथा वाचक पं. द्विवेदी का पुष्पमालाओं से स्वागत मंदिर के अधिकारी बृजबिहारी त्रिवेदी, शेषनारायण मालवीय, नीरंजनसिंह चौहान, छोगालाल मालवीय, राजेन्द्र टेलर आदि ने किया। कथा में प्रथम दिन शास्त्री पं. द्विवेदी ने भागवतजी के महात्मय को प्रतिपादित किया एवं कथा की महिमा का वर्णन किया। उन्होने बताया कि भागवत कथा में कलयुग में मनुष्य को किस तरह जीवन व्यतीत किया जाएं, इसका विस्तृत सार है। कथा के श्रवण मात्र से भक्त को अनंत गुना फ्ल की प्राप्ति होने के साथ पापों के बंधन से भी मुक्त होते है। कथा बाद आरती कर प्रसादी वितरण हुआ। कथा का आयोजन श्री गौवर्धननाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है। जिसमें विशेष सहयोग यमुना महिला मंडल, सखी मंडल एवं नवयुवक मंडल द्वारा प्रदान किया जा रहा है।

## धर्मसभा में प्रक्षाल, अभिषेक और पूजन के संबंध दी जानकारी



**झाबुआ.** पपू. साध्वी भगवंत श्री अनुभवदृष्टाश्रीजी ने वर्तमान में जिन मंदिरों में विराजित मूर्तियों के प्रक्षाल, अभिषेक, पूजन आदि के संबंध में बताया कि शंखेश्वर महातीर्थ में पूज्य आचार्य देव लेखेंद्र शेखर विजयजी महाराज साहब निर्मीत एवं प्रतिष्ठित 1008 शंखेश्वर पार्श्वनाथ भगवान जिन मंदिर में 25 पुजारीगण पदस्त होकर संपूर्ण मंदिर की व्यवस्था सुचारू रूप से निरंतर करते है, अन्य जिन मंदिरों में भी ऐसी ही व्यवस्था जारी रखने की भावना व्यक्त की। राजाओं के गुरुओं पर चर्चा करने के दौरान बताया कि प्रत्येक राजा के अपने परिवार के गुरु होते थे, जो संकट के समय मार्गदर्शन प्रदान करते थे। श्रेणिक राजा के प्रभु वीर, श्री रामचंद्रजी के गुरु वशिष्ठ, संप्रति राजा जिन्होंने जगह-जगह जिन मंदिरों का निर्माण कराया उनके गुरु आचार्य सुहस्ती सूरीश्वरजी थे। संस्कृत के सारे सूत्र जैन परंपरा के आचार्य देव भगवंतो ने रचना की है, किंतु प्राकृत भाषा के सभी सूत्र आगमों से प्राप्त कर जन जन तक पहुंचाएं गए हैं। सुदर्शनपुर के राजा चंद्रयश द्वारा मिथिला के नमी राजा का हाथी अपने पास रखकर नहीं लौटने की सूचना पाकर नमी राजा एकदम क्रोधित हो उठा। क्रोध की अग्नि में अपने आप को डालकर तत्काल सेनापति को युद्ध की तैयारी हेतु आदेश प्रदान कर दिया। इस पर से राजा के सलाहकारों ने परामर्श दिया कि राजन किसी भी समस्या का हल युद्ध ही नहीं है। क्रोध में व्यक्ति स्वयं तो जलकर भस्म होता है, किंतु अन्य को भी जलाकर भस्म कर देता है। केवल एक हाथी के लिए युद्ध करके नरसंहार को आमंत्रण देना श्रेष्ठ नहीं होगा। आपसी सौहार्द एवं संवाद से समस्या का हल खोजना कहीं ज्यादा बुद्धिमता पूर्ण कार्य होगा। कहने का तात्पर्य विवाद की स्थिति में विवेकपूर्ण निर्णय लेकर समस्या का निदान करने का सोचना चाहिए। मीडिया प्रभारी रिंकू रुनवाल ने बताया कि धर्म सभा में वरिष्ठ सुश्रावक धर्मचंद मेहता, मनोहरलाल छाजेड़, हमीरमल कासवा, मनोज जैन, श्री संघ अध्यक्ष संजय मेहता, प्रतीक मुथा, कमलेश कोठारी, कमलेश भंडारी, अनिल रूनवाल, निखिल भंडारी, अशोक राठौड़, रमेश छाजेड़, राजेंद्र रुनवाल, सुरेंद्र काठी, अशोक कटारिया, रचित कटारिया आदि उपस्थित थी।

## प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर पर गणेशजी को लगाया छप्पन भोग



**झाबुआ।** शहर के तुलसी स्थित प्राचीन श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पर लगातार 45 वर्षों से श्रीराम गणेश मंडल द्वारा गणेशोत्सव का अनूठे तरीके से आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भगवान श्री गणेशजी सुंदर एवं नयनाभिराम प्रतिमा मंदिर में स्थापित कर प्रतिदिन प्रात:काल आरती के साथ रात्रि में विशेष आरती-प्रसादी के बाद मंडल के युवा सदस्यो द्वारा लजीज एवं स्वादिष्ट व्यंजनों का भक्तों को वितरण किया जा रहा है। जिसका प्रतिदिन शहर के 500-700 भक्त लाभ ले रहे है। श्रीराम गणेश मंडल के गोपाल सोनी एवं अंकुश कांठी ने बताया कि मंडल द्वारा इस वर्ष 45वां गणेशोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन भगवान श्री गणेशजी का सुंदर एवं मनमोहक श्रृंगार भी हो रहा है। पिछले 5 वर्षों से रात्रिकालीन आरती बाद स्वादिष्ट एवं लजीज व्यंजन मंडल के युवा सदस्यों द्वारा तैयार कर भक्तों को वितरण हो रहा है। 31 अगस्त को गणेश प्रतिमा के सम्मुख छप्पन भोग लगाकर भोग की प्रसादी वितरण के साथ पोहे एवं कलाकंद का प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। प्रसादी में प्रतिदिन अलग-अलग प्रकार के व्यंजन रखे जा रहे है। जिसका व्यय मंडल के युवा सदस्य स्वयं वहन कर रहे है। मंडल के करीब 20 युवा सक्रिय रूप से सेवाएं देते हुए इस कार्य को संपादित कर रहे है। जिसकी पूरे शहर में सराहना की जा रहीं है।

स्वल्पाहार वितरण में बाहर से किसी भी व्यक्ति से चंदा या सहयोग राशि नहीं ली जा रहीं है। 4 सितंबर को खेड़ापति हनुमान मंदिर में भगवान श्री गणेश की महाआरती का आयोजन रखा गया है। अंतिम दिन 6 सितंबर को धूमधाम से एवं उत्साहपर्वूक चल समारोह निकालकर प्रतिमा विसर्जन होगा।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को किया सम्मानित



**झाबुआ।** मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार प्रतिमाह के प्रथम कार्य दिवस पर राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत एवं मध्यप्रदेश गान का गायन कार्यालय परिसर में किया जाना है। इसी तारतम्य में 1 सितंबर को कलेक्टर कार्यालय परिसर में राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत एवं मध्यप्रदेश गान का गायन किया गया। गायन के पश्चात कलेक्टर नेहा मीना ने कलेक्टर कार्यालय (राजस्व विभाग) के सहायक ग्रेड-2 मोहन सिंह तवंर द्वारा अगस्त 2025 में लेखा शाखा (वित्त-2) में समय सीमा में महत्वपूर्ण बिलों का भुगतान किया गया एवं फाईलों का सही संधारण आदि कार्यों को सुचारु रूप से संपादित करने एवं कार्यालय उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के चतुर्थश्रेणी कर्मचारी इरफान खान द्वारा अगस्त 2025 में अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समयबद्धता के साथ समय पर डाक वितरण तथा सौंपे गये कार्यालयीन कार्यों का समय पर निर्वहन करने पर बेस्ट इम्प्लॉय ऑफद मन्थ का प्रमाण पत्र दिया गया। संपूर्णता अभियान के दौरान आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में सक्रिय योगदान के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएस बघेल, उप संचालक कृषि एवं कल्याण विकास विभाग एनएस. रावत, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग आरएस बघेल एवं जिला योजना अधिकारी हेलन वसुनिया को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए उपस्थित सभी कर्मचारियों को इसी प्रकार अच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान जिपं सीईओं चौहान, अपर कलेक्टर सीएस सोलंकी, सहायक कलेक्टर आशीष कुमार, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अन्य जिला अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।



## हवेली में श्री राधा जन्मोत्सव पर हुआ आयोजन

**झाबुआ।** श्री गौवर्धननाथजी की हवेली में 31 अगस्त को श्री राधा जन्मोत्सव पर विभिन्न आयोजन हुए। जिसमें दोपहर 12 बजे ठाकुरजी के तिलक दर्शन बाद ढाढ़ी लीला का आयोजन हुआ। जिसमें भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा बनकर बालक-बालिकाओं ने नृत्य किया। वहीं महिलाओं द्वारा गरबा रास किया गया। भगवान को भोग एवं आरती भी रखी गई। मंदिर से जुडे कान्हा अरोड़ा ने बताया कि सभी आयोजन श्री गौवर्धननाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा किए गए। जिसमें प्रात:काल भगवान के दर्शन बाद दोपहर 12 बजे राधा माता का प्राकट्योत्सव मनाते हुए ठाकुरजी के तिलक दर्शन हुए। ढाढ़ी लीला कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वैष्णवजन एवं भक्तजन सम्मिलित रहे। जिसमें ढाढ़ी-ढाढ़न अर्थात बाल गोपाल और राधा बनकर बालक-बालिकाओं ने नृत्य किया। उनके साथ महिलाओं और युवतियों ने गरबा रास किया।

## इंदौर का कुख्यात गैंगस्टर सलमान लाला सीहोर में मिला मृत

इंदौर. शहर और आसपास के जिलों में खौफ का पर्याय बने कुख्यात गैंगस्टर सलमान लाला की तलाश रविवार को मौत पर जाकर खत्म हुई. सीहोर-भोपाल हाईवे किनारे लसूडिया परिहार गांव के पास पानी भरे गड्ढे में उसकी लाश तैरती हुई मिली, शव निकलने के बाद सनसनी फैल गई. लाला पर एनडीपीएस और हत्या के प्रयास सहित 32 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज थे. पुलिस को शक है कि शुक्रवार रात इंदौर पुलिस की घेराबंदी के दौरान भागते समय वह पानी में जा गिरा और डूब गया. हालांकि, पूरी स्थिति इंदौर पुलिस की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी.

एडीशनल डीसीपी क्राईम राजेश दंडोतिया ने बताया कि सीहोर में इंदौर-भोपाल रोड में रविवार दोपहर सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में एक युवक की लाश तैरती हुई मिली.

एक नजर

**स्वं . शंकुतला जी मुथा की स्मृति में भारतीय पत्रकार संघ व अन्य संस्थाओं ने मिलकर शिक्षा, स्वास्थ्य व पर्यावरण पर कार्य किया**

## 500 पौधों का रोपण,250 बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण और 15 यूनिट ब्लड डोनेट किया

**पेटलावद। दस कुएं के बराबर का पुण्य एक बावडी में, दस बावडी के बराबर का पुण्य एक सरोवर में और दस सरोवर के बरबार का पुण्य एक नदी में और नदी के बराबर का पुण्य एक पुत्र प्राप्ती में है वहीं दस पुत्र के बराबर एक पौधा लगाने पुण्य है ।एक पौधा लगाने में शास्त्रों में जो पुण्य बताया वह सही है क्योंकी हमारे जीवन में पेड अधिक आवश्यक है ।उक्त बात स्वं. श्रीमती शंकुतला जी मुथा की स्मृति में एकलव्य विद्या परिसर में ब्लड डोनेशन शिविर, छात्राओं का स्वास्थ्य परिक्षण और पर्यावरण सहजने के लिए 500 पौधों का रोपण करते हुए रेंजर ओमप्रकाश बिडला ने कहीं।**

इस मौके पर अतिथि के रूप में बीएमओ डॉ एमएल चोपडा,डॉ अखिलेश सुराडा,ओंकार सिंह मेडा, जिलाध्यक्ष हरिश राठौड, प्राचार्य सुमित कुमार, डॉ निलेश सिंघाडिया,डॉ आरती रावत, डॉ सौरभ बघेल, डॉ प्रफुल्ल,डॉ अंजलि भूरिया आदि ने माता सरस्वती और स्व. श्रीमती

शकुंतला जी मुथा के चित्र पर माल्यार्पण कर और द्वीप प्रज्वलीत कर शिविर का शुभारंभ किया। सांवरिया मित्र मंडल, डॉ. दादू महाराज संस्थान पेटलावद और भारतीय पत्रकार संघ पेटलावद का द्वारा शिविर का आयोजन किया गया।

अतिथियों ने संबोधित करते हुए ब्लड डोनेशन और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह देने के साथ प्रकृति को बचाने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना होगा। हम हमारे आसपास की घटनाएं देख रहे है। प्रकृति का दोहन अधिक होने से संतुलन बिगड रहा है। जिसके कारण कई बडी घटनाएं हो रही है। हमें प्रकृति का संतुलन बनाए रखना होगा।

ब्लड डोनेट केंप 15 युनिट ब्लड डोनेशन स्कूल के स्टाफ और पत्रकारों ने किया। इस मौके पर 250 बच्चों का स्वास्थ्य परिक्षण किया गया। और उन्हें उचित सलाह प्रदान की गई।

> इस मौके पर अतिथियों ने पौधारोपण कर 500 पौधारोपण का शुभारंभ भी किया। एकलव्य विद्या परिसर में 500 पौधो का रोपण किया गया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। शिविर के समापन अवसर पर एसडीओपी अनुरक्ती सबनानी ने भी पहुंचकर शिविर में सहयोग प्रदान किया।
>
> इस मौके पर भारतीय पत्रकार संघ युवा ईकाई जिलाध्यक्ष मोहन परमार, तहसील अध्यक्ष प्रकाश पडियार, अशोक वर्मा, अर्जुन सिंह ठाकुर, पियुष राठौड सहित अन्य कार्यकर्ता व पत्रकारगण उपस्थित रहे ।शिविर का संचालन राहुल मुथा के द्वारा किया गया और अंत में आभार प्रदर्शन वीरेंद्र भट्ट ने माना।